**श्री पी. एल. पुनिया** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं भी इस उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री परवेज़ हाशमी** (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : मैं भी इस उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राजीव शुक्ल** (महाराष्ट्र) : महोदय, मैं इस उल्लेख से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश) : महोदय, मैं श्री रापोलू के उल्लेख से अपने को सम्बद्ध करती हूं।

**कुमारी शैलजा** (हरियाणा) : महोदय, मैं भी रापोलू जी के उल्लेख से अपने को सम्बद्ध करती हूं।

**श्री किरनमय नन्दा** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं भी अपने को इस उल्लेख से सम्बद्ध करता हूं।

## Concern over problems of 'Call drop' being faced by mobile phone users

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, संचार मंत्री जी उपस्थित हैं। मैं कहना चाहूंगा कि आज मोबाइल फोन जीवन की आवश्यकता बन गया है और विश्व में सब से ज्यादा फोन हिंदुस्तान में होंगे, लेकिन मोबाइल फोन के साथ बहुत सी समस्याएं हैं और प्राइवेट कंपनीज जो इनकी मालिक हैं, उन्होंने एक ऐसा नेटवर्क बना लिया है कि जिस तरह से consumers का शोषण हो रहा है, उसमें संचार मंत्री जी भी अपने आपको असहाय पा रहे हैं। आपका बीएसएनएल भी इस में मिला हुआ है। आपके बीएसएनएल के ऑफिसर्स अपनी सर्विस ठीक से नहीं कर रहे हैं बल्कि प्राइवेट कंपनीज को बढ़ावा देने के लिए उनसे मिलकर काम कर रहे हैं और यह सही है। मैं यह नहीं कह रहा कि उसमें कहीं आपकी * है, लेकिन इसमें कहीं-न-कहीं आपकी कमजोरी भी है कि आप action नहीं ले पाते।

श्रीमन्, आप बात शुरू करेंगे तो कॉल ड्रॉप हो जाएगी और कॉल ड्रॉप होते ही वे एक मिनट का चार्ज ले लेंगे। अब आप दूसरी कॉल करिए और अगर दूसरा मिनट शुरू हो गया और फिर कॉल ड्रॉप हो गया तो 3 मिनट का चार्ज ले लेंगे। इस मामले में "ट्राई" ने भी आदेश दिया है और कहा कि अगर कॉल ड्रॉप होती है, तो एक रुपया प्रति ड्रॉप जुर्माना होगा, लेकिन क्या किसी कंपनी पर जुर्माना हो रहा है? क्या ये कंपनियां टॉवर्स लगा रही हैं या कहीं अपना क्षेत्र बढ़ा रही हैं? आज हम बहुत खुश हैं कि मोबाइल फोन्स बढ़ रहे हैं, लेकिन कंज्यूमर्स के लिए नेटवर्क की क्या हालत है? आप विश्व के किसी भी देश में जाएं, वहां के फोन्स में बहुत साफ आवाज सुनायी देती है और यहां कितनी ही बार "हैलो", "हैलो" कहना पड़ता है, कितनी बार आवाज सुनने के लिए फोन को टेढ़ा करना पड़ता है, यह हम लोगों की समझ से बाहर है। आप तो सक्षम मंत्री हैं और सुप्रीम कोर्ट के लॉयर भी हैं, लेकिन इतने कमजोर क्यों है? मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि आप इनसे क्यों दब रहे हैं? श्रीमन्, एक तरीके के हिन्दुस्तान के नागरिकों को जिस तरीके से सरकार की* से* जा रहा है, यह सबसे दर्दनाक विषय है। उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से माननीय संचार मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि अगर आप राजी हो जाएं, तो इस पर आधे घंटे की चर्चा करवा दीजिए। इस विषय पर पूरा सदन चर्चा करना चाहेगा। सब लोग इस विषय पर कुछ न कुछ बताएंगे। आप केवल मंत्री बन जाएं और विभाग को न संभालें, यह भी बहुत अच्छी चीज नहीं है, क्योंकि हम भी मंत्री रहे हैं। अगर मंत्री विभाग न संभाले, तो कहीं

* Expunged as ordered by the Chair.

न कहीं मंत्री की भी अक्षमता कहलाती है। मैं आपको तो अक्षम नहीं कहूंगा, सक्षम ही कहूंगा, क्योंकि संबंध ही ऐसा है कि रिश्तेदारी के कारण कहना पड़ेगा। लेकिन महोदय, मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि जो उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है, माननीय मंत्री जी, आप सदन में खड़े होकर उसके ऊपर जवाब दे दें, तो ज्यादा अच्छा होगा। आप शोषण को कैसे रोकेंगे, कॉल ड्रॉप पर जो ट्राई का आदेश है, उसका कब पालन होगा और इन कम्पनियों पर क्या-क्या अंकुश*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay; time over. ...(*Interruptions*)...

SHRI TAPAN KUMAR SEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI T. K. RANGARAJAN (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI KIRANMAY NANDA (Uttar Pradesh): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI ANUBHAV MOHANTY (Odisha): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

SHRI VIVEK GUPTA (West Bengal): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

**प्रो. राम गोपाल यादव** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**डा. तज़ीन फातमा** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करती हूं।

†**ڈاکٹر تزئین فاطمہ** (اترپردیش) **:** مہودے، مانیئے سدسئیے نے جو وِشے اٹھایا ہے، میں اپنے کو اس سے سمبدّ کرتی ہوں۔

**श्रीमती कनक लता सिंह** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री राम नाथ ठाकुर** (बिहार) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

---

* Not recorded.

† Transliteration in Urdu Script.

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**श्री पी. एल. पुनिया** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करता हूं।

**डा. विजयलक्ष्मी साधौ** (मध्य प्रदेश) : महोदय, माननीय सदस्य ने जो विषय उठाया है, मैं अपने को उससे सम्बद्ध करती हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Minister wants to react. ...(*Interruptions*)... Hon. Minister is reacting. ...(*Interruptions*)... Sit down. ...(*Interruptions*)... Listen, listen. ...(*Interruptions*)... Listen to the Minister. ...(*Interruptions*)...

**संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद)** : महोदय, माननीय नरेश जी ने जो चिंता व्यक्त की है, मैं उनके भाव को समझा हूं और सदन के भाव को भी समझता हूं। आप इस विषय पर विस्तार से चर्चा करें, मैं उसका स्वागत करूंगा, ताकि मुझे और विस्तार से बोलने का मौका मिले। मैं सिर्फ दो-तीन बातें बहुत संक्षेप में कहना चाहता हूं। मैंने और मेरी सरकार ने इस विषय को बहुत गंभीरता से लिया है। पिछले तीन महीने में हम लोगों के दबाव के कारण, मॉनिटरिंग के कारण देश भर में प्राइवेट ऑपरेटर्स ने 14 हजार नए टावर्स लगाए हैं और दिल्ली में सात नए टावर्स लगाए हैं। एनेक्सी में भी एक नया टावर लग रहा है और इस बिल्डिंग के ऊपर संसद में भी एक नया टावर लग रहा है। हमारा विभाग इसकी मॉनिटरिंग कर रहा है।

दूसरी बात यह है कि बी.एस.एन.एल. ने पिछले एक वर्ष में 25 हजार नए टावर्स लगाए हैं। मैं अपनी क्षमता के बारे में यहां स्वयं नहीं बोलूंगा, लेकिन मैंने पहले भी कहा था कि बी.एस. एन.एल. 2004 में दस हजार करोड़ के प्रॉफिट में था और 2010 में आठ हजार करोड़ के लॉस में था। आज एक साल तीन महीने में यही बी.एस.एन.एल. पांच साल में पहली बार ऑपरेटिंग प्रॉफिट पर आ गया है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Listen please. ...(*Interruptions*)... Listen please. ...(*Interruptions*)...

**श्री रवि शंकर प्रसाद** : सर, मुझे यह चिंता है और मैं उसको ठीक कर रहा हूं। आप मुझे क्षमा करें, पिछले दो-तीन सालों में विषय को गंभीरता से नहीं देखा गया था। नरेश जी, मैं आप से कह देना चाहता हूं कि जितने प्रभावी कदम मैं उठा रहा हूं, आज तक उतने प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। यह मैं साफ तौर से कहना चाहता हूं। जहां तक TRAI के निर्देश का सवाल है, TRAI ने स्वयं कहा है कि यह फैसला जनवरी से लागू होगा, यह आपकी जानकारी के लिए है। हमारी चर्चा बार-बार होती है।

सर, मैं एक अंतिम बात बता दूं कि देश भर में 18 लाख टावर्स हैं। ...(व्यवधान)... एक मिनट, मुझे बोलने दीजिए... जिसमें से 35 हजार में गड़बड़ पाई गई। अब लगभग बीस हजार ठीक हुए हैं तथा पंद्रह हजार को और ठीक करना है। मेरा विभाग बार-बार इनकी मॉनिटरिंग करता है बाकी में इनवेस्ट करो, इन्फ्रास्ट्रक्चर ठीक करो। आज वोडा फोन के CEO (इन्टरनेशनल) ने माफी मांगी है और कहा है कि हम इसमें सुधार करेंगे। एयरटेल के चीफ ने कहा है कि हमसे

गलती हुई है और हम सुधार करेंगे। सक्षम तो आपका विचार है, लेकिन नरेश जी, मैं सख्त मंत्री हूं, आप जानते हैं। मैं सख्ती करूंगा और इसको इंप्रूव करूंगा। बी.एस.एन.एल. प्रॉफिट के रास्ते पर चला है तथा एक साल में मैं पूरा प्रॉफिट दिलाऊंगा, यह मैं कहना चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That's okay. Now, Shri Vijay Jawaharlal Darda.

**Concern over increasing incidents of thefts of idols of Jain Teerthankars**

**श्री विजय जवाहरलाल दर्डा** (महाराष्ट्र) : सर, मैं एक अत्यंत और गंभीर विषय की ओर इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि देश में जैन धर्म से संबंधित मूर्तियां तीर्थस्थलों से गायब हो रही हैं तथा तमाम पवित्र वस्तुएं भी गायब हो रही हैं। यह बहुत ही दुख का विषय है कि देश में सिलसिलेवार ढंग से जैन तीर्थांकरों की मूर्तियां चोरी हो रही हैं। अभी पिछले दिनों बिहार के जामुई जिले से 2600 साल पहले स्थापित भगवान महावीर की मूर्ति को हथियार बंद लोग उठाकर ले गए। बड़ी खुशी की बात है कि आज यह खबर मिली है कि सरकार की तुरंत कार्यवाही की वजह से वह मूर्ति जंगल में पाई गई है।

सर, जैन मूर्तियों की चोरी से संबंधित पिछले एक साल में जो अखबार में खबरें छपी हैं, मैं आपको उनके बारे में यह बताना चाहूंगा कि 27 जुलाई, 2015 को कांकर रायपुर में पांच जैन पुरातन वस्तुओं की चोरी तथा जून, 2015 किशनगंज बिहार से भगवान महावीर की अष्टधातु की मूर्ति की चोरी एवं 28, फरवरी, 2015 को आगरा के जैन मंदिर से आठ लाख के गहने चोरी हुए हैं। 20 फरवरी, 2015 को तिरुवन्नामलाई से भगवान महावीर की चार कांसे की मूर्तियां, 2 फरवरी, 2015 को इलाहाबाद के जैन मंदिर से करोड़ों की तीन अष्टधातु की मूर्तियां, 13 जनवरी, 2015 को भोपाल के मंदिर से छत्र और कैश की चोरी, 23 दिसंबर, 2014 को उदयपुर से चांदी की मूर्ति की चोरी, 17 दिसंबर, 2014 को अजमेर के जैन मंदिर से चार मूर्तियों की चोरी, 30 नवंबर, 2014 को मेरठ के जैन मंदिर से लाखों की सोने और चांदी की मूर्तियों की चोरी, 27 अप्रैल, 2014 इन्दौर के मंदिर से मूर्तियों की चोरी। इसी तरह 2013 में मंगलौर से दसवीं सदी की मूर्तियां चोरी हो गई हैं। इस वक्त मैं सरकार से यह मांग करता हूँ कि मुझे यह बताया जाए कि इन घटनाओं को लेकर क्या कार्रवाई की गई है? इतनी सारी घटनाएं एक साल के अंदर होने से पूरा जैन समाज भयभीत और चिंतित है। अगर ऐसी कोई घटना किसी और समाज के साथ होती, तो क्या होता? मैं इस पर तुरंत कार्रवाई की मांग करता हूँ और विशेष रूप से माइनॉरिटीज अफेयर्स मिनिस्टर यहां पर उपस्थित हैं, मैं उनसे विशेष आग्रह करूंगा कि माइक्रो माइनॉरिटी की तरफ ध्यान दिया जाए और उनके अस्तित्व की भी चिंता की जाए, धन्यवाद।

DR. M.S. GILL (Punjab): Sir, I associate myself with the issue raised by the hon. Member.

DR. E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (Tamil Nadu): Sir, I also associate myself with the issue raised by the hon. Member.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes; thank you very much. Now, those who associate may be added. Shri Pramod Tiwari.